**<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>**
**<u>प्रादेशिक समाचार</u>**

<u>दिनांक–21 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज, भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने मथुरा में तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व सपा नेता अखिलेश यादव ने अमरोहा में कीं जनसभाएं
- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तेरह संसदीय सीटों के लिए नामांकन जारी, तीसरे चरण के एक सौ बयासी प्रत्याशियों के पर्चों की हुई जांच
- यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित, सीतापुर जिले की प्राची निगम हाईस्कूल में और शुभम वर्मा इंटरमीडिएट परीक्षा में पूरे प्रदेश में अव्वल
- बीते चौबीस घंटों में प्रदेश में हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत

**********

प्रदेश में दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने कल मथुरा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर की सत्तर सालों से उपेक्षा की है। श्री शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को हटाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने देश को सशक्त और समृद्ध बनाया है। जनसभा में रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी, प्रदेश सरकार के मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी और पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा भी मौजूद रहे।

उधर अमरोहा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव भारतीय संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों के ऋण माफ किये जाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन इस चुनाव में अधिकतर सीटें जीतेगा।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये नामांकन पत्र भरे जा रहे हैं। इटावा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर रामाशंकर कठेरिया और कानपुर से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने कल नामांकन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी नामांकन के समय मौजूद थे। इस मौके पर श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा गठबंधन प्रदेश में सभी सीटों पर बहुमत के साथ जीत हासिल करेगा। उधर, धौरहरा संसदीय सीट के लिये बसपा से श्याम किशोर अवस्थी ने अपना पर्चा दाखिल किया। चौथे चरण के चुनाव के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि पच्चीस अप्रैल है। इस चरण में प्रदेश की तेरह संसदीय सीटों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में तेरह मई को मतदान होगा।

**********

प्रदेश में तीसरे चरण की दस लोकसभा सीटों के लिये एक सौ बयासी प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि संभल में इक्कीस प्रत्याशियों ने, हाथरस में अठारह, आगरा में ग्यारह, फतेहपुर सीकरी में उन्नीस, फिरोजाबाद लोकसभा सीट से बारह, मैनपुरी से बारह, एटा से चौदह, बदायूं से सोलह, आंवला से इक्कीस और बरेली लोकसभा सीट से अट्ठाइस प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण की दस लोकसभा सीटों के लिये भरे गये नामांकन पत्रों की कल जांच की गई। नाम वापसी की अंतिम तिथि बाइस अप्रैल है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा।

**********

लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इसमें अमरोहा संसदीय सीट के लिए भी वोट डाले जाएंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

***लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अमरोहा लोकसभा सीट के लिये होने वाले मतदान को लेकर इस क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर को लगातार तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं पिछली बार सपा.बसपा गठबंधन के तहत बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते कुंवर दानिश अली इस बार कांग्रेस.सपा गठबंधन के अन्तर्गत कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने इस सीट पर एकदम नया चेहरा मुजाहिद हुसैन को अपना उम्मीदवार बनाया है। अमरोहा लोकसभा सीट पर 17 लाख 13 हजार एक सौ 54 मतदाता है जो 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 9 लाख 6 हजार सात सौ 79 पुरुष मतदाता और 8 लाख 6 हजार तीन सौ 18 महिला मतदाताओं के अलावा 57 ट्रांस जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने वर्ष 2014 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार हुमैरा अख्तर को हराकर इस सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन साल 2019 के चुनाव में उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। उस चुनाव में बसपा.सपा गठबंधन के कुंवर दानिश अली ने जीत हासिल की थी। एक बार फिर कंवर सिंह तंवर और कुंवर दानिश अली चुनाव मैदान में आमने सामने हैं। सभी उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के बीच जाकर उनका समर्थन जुटाने की कोशिश में लगे हैं। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

पहले चरण के सम्पन्न हो चुके मुरादाबाद संसदीय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे सर्वेश सिंह का बीती रात निधन हो गया। वह इकहत्तर वर्ष के थे। स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए एम्स दिल्ली ले जाया गया था। वह कई बार विधायक और मुरादाबाद से सांसद भी रह चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि उनका जाना पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया के जरिये उनके निधन पर दुख जताया है।

**********

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम कल घोषित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉक्टर महेन्द्र देव और यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल में नवासी दशमलव पांच प्रतिशत विद्यार्थी तथा इण्टरमीडिएट में बयासी दशमलव छह शून्य प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में सीतापुर की छात्रा प्राची निगम ने और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में भी सीतापुर के ही छात्र शुभम वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। फरवरी से लेकर मार्च तक हुई यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में इस बार सत्ताइस लाख उन्चास हजार तीन सौ चौंसठ और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में चौबीस लाख बावन हजार आठ सौ तीस परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**********

प्रदेश में बीते चौबीस घंटे के भीतर हुई तीन अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गयी, जबकि चौबीस लोग घायल हो गये।

मैनपुरी जिले के भोगांव थाना क्षेत्र में कल सुबह एक ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर–ट्रॉली पलट गई । इस दुर्घटना में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि चौबीस लोग घायल हो गये। कन्नौज जनपद के रहने वाले यह सभी लोग मैनपुरी के एक गांव में निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे।

एक अन्य दुर्घटना में , मुजफ्फरनगर में नई मंडी थाना क्षेत्र में जेसीबी और कार की टक्कर में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। यह तीनों मृतक झांसी जिले के रहने वाले थे। उधर, सोनभद्र जिले के वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर चुर्क मसूही के पास टहल रहे तीन लोगों को एक ट्रक ने टक्कर मार दिया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। यह सभी लोग अपनी रिश्तेदारी में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे।

**********

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के पास कल एक मालगाड़ी पटरी से उतर गयी, जिससे अयोध्या वाराणसी रेलमार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया। यह मालगाड़ी अम्बेडकर नगर के टांडा रेलवे स्टेशन से बाराबंकी जा रही थी। घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये और मध्यरात्रि से रेल यातायात बहाल करा दिया गया ।

**********

पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ लू से जनजीवन प्रभावित है । इस बीच, मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम शुष्क बना रहेगा। दिन में तेज धूप और गर्म हवा चलेगी, वहीं पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित पूर्वांचल के किसी भी जिले में वर्षा की संभावना नहीं है।

**********